UNIVERSITY NEWS 17 MAY 2026

AMAR UJALA

मनाया अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया। विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा में प्रकाश की भूमिका के प्रति छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक करना था। संयोजक प्रो. आंचल श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिवस यूनेस्को की ओर से 1960 में लेजर के सफल संचालन की स्मृति में मनाया जाता है। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

प्रकाश दिवस समारोह का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद के स्वागत भाषण से हुआ। संयोजक प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने बताया कि यह दिवस यूनेस्को द्वारा 1960 में थियोडोर मैमन द्वारा पहली बार लेजर के सफल संचालन की स्मृति में मनाया जाता है।